# <u>मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झांसी</u>

---

प्रकीर्ण वाद संख्या– २३/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं.१६४/२०१६)
अभिनन्दन आदि बनाम अनुराग दुबे आदि
**<u>०१.०७.२०२०</u>**

पत्रावली प्रस्तुत हुयी। प्रार्थीगण मय विद्वान् अधिवक्ता उपस्थित आये।

प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र एम.ए.सी.पी. सं. १६४/२०१६ में दिनांक २१.०९.२०१९ को पारित एवार्ड की धनराशि को प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थनापत्र के साथ आधार कार्ड तथा निर्णय की सत्यापित प्रति की छाया प्रति प्रस्तुत की है। प्रार्थी अभिनन्दन की ओर से प्रार्थनापत्र के समर्थन में शपथपत्र ४सी२ भी प्रस्तुत किया गया है, जिसमें यह कथन किया गया है कि एवार्ड के विरूद्ध कोई अपील योजित नहीं की गयी है और न ही कोई स्टे आदेश माननीय उच्च न्यायालय से प्रभावित है।

सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया। एम.ए.सी.पी. १६४/२०१६ में पारित निर्णय के अनुसार याचिका में क्षतिपूर्ति रु. ८,५१,६३१/– मय ७ प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज याचिका योजित किये जाने की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक के लिये स्वीकार की गयी है। निर्णय के अनुसार याची सं. १ अभिनन्दन ४,५१,६३१/– रु. प्राप्त करेंगे, जिसमें से वह २,५१,६३१/– रु. नकद तथा मुब. २,००,०००/– रु. उनके नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा योजना में तीन वर्ष की अवधि के लिये निवेशित किये जाने हैं। उक्त धनराशि में से याची सं. २ अविनाश मुब. ४,००,०००/– रु. प्राप्त करेगा, जिसमें से वह २,००,०००/– रु. नकद तथा मुब. २,००,०००/– रु. उसके नाम ३ वर्ष की अवधि के लिये किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा योजना में निवेशित की जानी है। उक्त निवेशों पर कोई ऋण देय नहीं होगा न ही उन्हें कहीं बन्धक किया जा सकेगा।

कार्यालय की चेक पंजिक के क्रमांक ३४ पर प्रस्तुत प्रकरण में १०,५०,०४७/– रु. पंजाब नेशनल बैंक, झोकनबाग, झॉसी में जमा किये गये हैं। प्रार्थीर्गण द्वारा अपने–अपने खातों की छाया प्रतियां पत्रावली पर दाखिल की गयी हैं, जो कि निम्नवत् हैः–

**१.** अभिनन्दन खाता सं. ९२३५२०१०००८७३९ सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झॉसी IFSC Code– SYNB0009235

**२.** अविनाश खाता सं. ९२३५२०१०००८७४३ सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झॉसी IFSC Code–SYNB0009235

## <u>आदेश</u>

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झॉसी को आदेशित किया जाता है कि एम.ए.सी.पी. सं. १६४/२०१६ के प्रकरण में जमा धनराशि १०,५०,०४७/– (दस लाख पचास हजार सेंतालीस) रु. में से प्रार्थी सं. १ अभिनन्दन रु. ५,५६,८५४/– प्राप्त करेंगे, जिसमें से मुब. २,०००००/– रु. उनके नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा योजना में तीन साल के लिये निवेशित किये जायें तथा मुब .

Digitally signed by
CHANDRODAY
KUMAR
Date: 2020.07.01
15:02:21 IST
Reason: Document
Owner
Location: MACT
JHANSI

३,५६,८५४/– रु. नकद उनके खाता सं. ९२३५२०१०००८७३९ सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झॉसी IFSC Code– SYNB0009235 में आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से अबिलम्ब स्थानान्तरित किए जायें। जमा धनराशि १०,५०,०४७/– (दस लाख पचास हजार सेंतालीस) रु. में से प्रार्थी सं. २ अविनाश रु. ४,९३,१९३/– प्राप्त करेंगे, जिसमें से २,००,०००/– रु. उनके नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा योजना में तीन वर्ष के लिये निवेशित किये जायें तथा २,९३,१९३/– रु. नकद उनके खाता सं. ९२३५२०१०००८७४३ सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झॉसी IFSC Code– SYNB0009235 में आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से अबिलम्ब स्थानान्तरित किये जायें। कुल जमा धनराशि १०,५०,०४७/– (दस लाख पचास हजार सेंतालीस) रु. पर बैंक में अब तक अर्जित ब्याज को क्रमशः ५३:४७ के अनुपात में विभाजित कर आर.टी.जी.एस/नेफ्ट के माध्यम से नगद देय धनराशि के साथ जोड़ कर स्थानान्तरित किया जाये। उक्त निवेशों पर कोई ऋण देय नहीं होगा न ही उन्हें कहीं बन्धक किया जा सकेगा। उपरोक्तानुसार अनुपालन आख्या ३ दिन के अन्दर दाखिल की जाये व एफ.डी.आर. न्यायालय में शीघ्र दाखिल हो। 3 बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ.,एम.ए.सी.टी.,झांसी।